रोजगार अधिसूचना संख्या. 06(C)/2026, दिनांक: 20/11/2026

राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, गुवाहाटी (नाईपर-गुवाहाटी) राष्ट्रीय महत्त्व का एक स्वायत्त संस्थान तथा पूर्वोत्तर भारत का प्रथम राष्ट्रीय औषधि संस्थान है, जिसकी स्थापना भारत सरकार के रसायन और उर्वरक मंत्रालय के औषध विभाग द्वारा संसद के एक अधिनियम के माध्यम से की गई है। संस्थान आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से संविदा के आधार पर निम्नलिखित पद को भरने का इच्छुक है।

पद का नाम	अर्हता एवं अनुभव
अनुभाग अधिकारी *(संविदा के आधार पर)* (प्रारंभ में 6 माह की अवधि के लिए, जिसे कार्य निष्पादन/प्रदर्शन के आधार पर बढ़ाया जा सकता है।) **मासिक पारिश्रमिक** **(Rs. 40,000/- only)**	**अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता :** (i) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक उपाधि, जिसमें न्यूनतम 55% अंक अथवा यूजीसी की सात-बिंदु ग्रेडिंग प्रणाली में 'बी' ग्रेड या उसके समकक्ष योग्यता के साथ अच्छा शैक्षणिक अभिलेख हो। (ii) विश्वविद्यालयों, अनुसंधान एवं विकास संस्थानों अथवा शैक्षणिक संस्थानों में प्रशासनिक प्रक्रियाओं, मानव संसाधन प्रबंधन, सांविधिक कार्यों तथा शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन का सहायक स्तर अथवा समकक्ष पद पर न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव। **वांछनीय शैक्षणिक योग्यता/अर्हता :** (i) किसी प्रतिष्ठित संस्थान में प्रशासनिक कार्यों का अनुभव। (ii) विश्वविद्यालय, संस्थान अथवा केंद्र/राज्य सरकार के संगठनात्मक एवं शैक्षणिक कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन का सिद्ध अनुभव। (iii) सामान्य प्रशासन, शैक्षणिक प्रशासन, स्थापना संबंधी कार्यों, भर्ती, मानव संसाधन (एचआर) मामलों के निस्तारण तथा प्रलेखन/अभिलेखागार के क्षेत्र में अनुभव। (iv) विभिन्न कंप्यूटर कार्यालय अनुप्रयोगों जैसे एम.एस. वर्ड, एम.एस. एक्सेल, पावरपॉइंट अथवा समकक्ष अनुप्रयोगों के उपयोग में दक्षता अनिवार्य है।
आयु सीमा	40 वर्ष से कम (आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार)

आवेदन की प्रक्रिया :

इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन निम्नलिखित दस्तावेजों सहित पीडीएफ प्रारूप में recruitment.support@niperguwahati.ac.in पर ई-मेल के माध्यम से **30/11/2026 (सायं 5:00 बजे तक)** प्रेषित कर सकते हैं। ई-मेल के विषय में **"Recruitment for the post of Section Officer"** अवश्य अंकित करें।

संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज :

1. निर्धारित प्रारूप के अनुसार जीवन-वृत्त।
2. सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों एवं अनुभव प्रमाण-पत्रों की प्रतियां कालानुक्रमिक क्रम में।

चयन प्रक्रिया :

1. प्राप्त आवेदनों की जांच की जाएगी तथा संबंधित क्षेत्र में कार्यानुभव एवं ज्ञान के आधार पर अभ्यर्थियों की संक्षिप्त सूची तैयार की जाएगी।
2. संक्षिप्त सूची में चयनित अभ्यर्थियों को, चयन समिति द्वारा शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर, लिखित परीक्षा के उपरांत साक्षात्कार अथवा केवल साक्षात्कार (वॉक-इन अथवा ऑनलाइन) हेतु आमंत्रित किया जाएगा।
3. इस चयन एवं अंतिम नियुक्ति से संबंधित सभी मामलों में चयन समिति/निदेशक, नाईपर गुवाहाटी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
4. सभी सूचनाएं केवल ई-मेल अथवा संस्थान की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएंगी, जैसा कि अभ्यर्थी द्वारा अपने जीवन-वृत्त में उपलब्ध कराए गए विवरणों के आधार पर होगा।

(In case of any discrepancy in interpretation, the English version of this Notice available in the Institute's website shall prevail.)

Sd/-

कुलसचिव (प्रभारी)
नाईपर गुवाहाटी